बरेली, बुधवार
28 जुलाई 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 08 MIDDLE

मस्तमौला नाटक के मंचन से जीवंत हुआ रिद्धिमा का मंच

जासं, बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में मंगलवार को मस्तमौला नाटक के मंचन ने दर्शकों को लुभाया। कहानी तीन लड़के सुरीले, रंगीले व छबीले पर आधारित थी। वे कला के सहारे कुछ बनने शहर चले आते हैं। शहर की महंगाई के चलते घर की तलाश में भटकते तीनों लड़कों को पंडित पंजीरी लाल का घर किराये पर मिल जाता है। तीनों आर्थिक तंगी के चलते पंडित पंजीरी को बेवकूफ बनाते रहते हैं। इसी बीच पंडित जी की लड़की आरती को छबीले से प्रेम हो जाता है। जानकारी होने पर वह तीनों को घर से निकाल देते हैं। बाद में उन्हें लड़कों की सच्चाई पता चलती है। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्टी आशामूर्ति, आदित्य मूर्ति आदि रहे।